RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल
मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 250 | नागौर, 18 अगस्त, 2022 (गुरूवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## सरकार हमारी है, जिम्मेदारी से बच नहीं सकते : पायलट

### दलित बच्चे की लाश को रात में दफनाया; परिजनों पर लाठीचार्ज किया

जयपुर/ जालौर.



पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने जालोर के सुराणा में टीचर की पिटाई से बच्चे की मौत के मामले में पुलिस-प्रशासन और अपनी ही सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पायलट ने बच्चे के परिजनों और रिश्तेदारों पर लाठीचार्ज करने और फोन छीनने का आरोप लगाते हुए एडीएम और डिप्टी एसपी के हटाने की मांग की है।

पायलट ने मंगलवार को सुराणा में मृतक बच्चे के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने कहा- जहां तक इस घटना की बात है, यह कहना नाकाफी है कि बाकी राज्यों में ऐसा होता है। किसी राज्य में दलित, आदिवासी, असहाय के साथ ऐसा होता है तो जीरो टॉलरेंस करना पड़ेगा। हम यह नहीं कह सकते कि बाकी राज्यों में हो रहा है तो यहां पर भी हो रहा है। पायलट ने कहा- हम वेट करते रहें कि अगला कब हादसा हो और हम एक्शन लें। हमें उस मानसिकता को पराजित करने के लिए कुछ कदम उठाने होंगे जो दलितों,वंचितों के साथ अत्याचार करती है। वंचितों के जेहन में हमें यह विश्वास दिलाना होगा कि आप दलितों के साथ अत्याचार करके बच नहीं सकते। इस खबर पर पोल दिया गया है, आगे बढ़ने से पहले इसमें हिस्साा लेकर आप अपनी राय व्यक्त कर सकते हैं।

#### व्यवस्था में कमियों को बदलने के लिए काम करें

पायलट ने कहा- इस तरह की घटना किसी के साथ हो,हमें अन्याय के खिलाफ बोलना चाहिए। हम जब विपक्ष में थे तो बाड़मेर में डेल्टा मेघवाल कांड हुआ। हम उसे लॉजिकल एंड तक लेकर गए थे। आज सरकार हमारी है, हम जिम्मेदारी से बच नहीं सकते। आजादी के 75 साल हो गए हैं।

#### कानून का डर नहीं रहेगा तब तक ऐसी घटनाएं

पायलट ने कहा- सरकार का इकबाल कायम रहना चाहिए। वंचितों के जेहन में रहना चाहिए कि अगर उनके साथ किसी ने गलत किया तो उसे परिणाम भुगतना होगा। कानून का एक जो डर होता है जेहन में, वो नहीं रहेगा तो ऐसी घटनाएं होती रहेंगी। जब भी किसी गरीब,दलित,असहाय के साथ अत्याचार हुआ है, वहां हम जरूर आए हैं। भविष्य में किसी की ऐसी हिम्मत नहीं हो, हम सब जिम्मेदार पदों पर हैं, मिलकर लोगों का विश्वास जीतें। अब वो बच्चा चला गया, वो वापस नहीं आएगा, पर हम कार्रवाई कर उदाहरण बना सकते हैं। पयलट ने कहा आज भी यह परिवार भय के माहौल में है। भविष्य में इनकी जानमाल की सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की है और हमें उम्मीद है कि सरकार इनकी सुरक्षा करेगी। सचिन पायलट के बयान को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान के जवाब के तौर पर देखा जा रहा है।

## बीजेपी ने संसदीय बोर्ड से गडकरी और शिवराज को हटाया

### येदियुरप्पा, सोनोवाल को जगह; चुनाव समिति से शाहनवाज और जुएल उरांव की भी छुट्टी


नई दिल्ली.

भाजपा ने बुधवार को नए संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति का ऐलान किया है। 11 सदस्यों वाले संसदीय बोर्ड से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को हटा दिया गया है। शिवराज को 2013 में बोर्ड में शामिल किया गया था। वहीं शहनवाल हुसैन और जुएल उरांव को भी चुनाव समिति से बाहर किया गया है।

नए संसदीय बोर्ड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जेपी नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह के अलावा सर्वानंद सोनोवाल, बीएस येदियुरप्पा, के लक्ष्मण, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव, सत्यनारायण जटिया और पार्टी सचिव बीएल संतोष को जगह मिली है। संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति में एक भी सीएम को भी जगह नहीं मिली है।

#### 15 सदस्यों की केंद्रीय चुनाव समिति

इसके साथ ही बीजेपी ने 15 सदस्यों की केंद्रीय चुनाव समिति का गठन किया है। इसमें पीएम मोदी, जेपी नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह के अलावा बीएस येदियुरप्पा, के लक्ष्मण, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव, सत्यनारायण जटिया, भूपेंद्र यादव, देवेंद्र फडणवीस, ओम माथुर, बीएल संतोष और वनथी श्रीनिवास को जगह दी गई है।





## एनएसए डोभाल की सुरक्षा में चूक का मामला

### सरकार ने 3 कमांडो को नौकरी से बर्खास्त कर दिया

नई दिल्ली

देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की सुरक्षा में चूक से जुड़े मामले में कार्रवाई करते हुए सरकार ने 3 कमांडो को नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। ये कमांडो उस वक्त एनएसए की सुरक्षा में लगे थे, जब एक गाड़ी उनके घर के गेट तक पहुंच गई थी। सूत्रों ने इंडिया टुडे को बताया कि केंद्र ने इस साल फरवरी में हुई सुरक्षा उल्लंघन की घटना को लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल की सुरक्षा में लगे तीन कमांडो को हटा दिया है। सूत्रों के मुताबिक एनएसए डोभाल की वीआईपी सुरक्षा से जुड़े उप महानिरीक्षक (डीआईजी) और कमांडेंट का तबादला कर दिया गया है।

फरवरी 2022 में अजीत डोभाल के आवास पर एक व्यक्ति द्वारा परिसर में प्रवेश करने की कोशिश के बाद सुरक्षा उल्लंघन की सूचना मिली थी। उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने रोका और बाद में दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सूत्रों ने इंडिया टुडे को बताया था



कि एक लाल रंग की एसयूवी ने डोभाल के उच्च सुरक्षा वाले केंद्रीय दिल्ली आवास के गेट से प्रवेश करने की कोशिश की। कार को इंटरसेप्ट किया गया और उस व्यक्ति को एनएसए डोभाल के घर की रखवाली कर रहे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने पकड़ लिया।

सूत्रों के अनुसार शांतनु रेड्डी के रूप में पहचाने जाने वाले व्यक्ति ने दावा किया कि उसके शरीर में एक चिप है और उसे बाहरी रूप से नियंत्रित किया जा रहा है। हालांकि, एमआरआई स्कैन में किसी चिप का पता नहीं चला।

## रोहिंग्या शरणार्थियों को फ्लैट देने की खबर है झूठी, गृह मंत्रालय ने कहा- केंद्र ने ऐसा कोई आदेश नहीं दिया

नई दिल्ली

रोहिंग्याओं को बसाने को लेकर केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप पुरी के बयान पर गृह मंत्रालय ने सफाई दी है। दरअसल, हरदीप पूरी ने ट्वीट कर कहा था कि केंद्र ने रोहिंग्याओं को मूलभूत सेवाएँ मुहैया कराते हुए ईडब्ल्यूएस फ्लैट देने का निर्णय लिया है। इस बयान के बाद केंद्र सरकार कठघरे में खड़ी हो गई थी। इस पर बढ़ते विवाद के बाद गृह मंत्रालय ने कहा है कि रोहिंग्याओं को ईडब्ल्यूएस फ्लैट में शिफ्ट करने जैसा कोई निर्णय नहीं लिया गया है। गृह मंत्रालय ने ट्वीट कर इस मामले पर जानकारी दी है।

**निर्वासन तक डिटेंशन सेंटर में ही रहेंगे रोहिंग्या**-गृह मंत्रालय ने ट्वीट कर लिखा, रोहिंग्या अवैध प्रवासियों को लेकर मीडिया के कुछ वर्गों द्वारा प्रकाशित किये गए रिपोर्ट पर ये स्पष्ट किया जाता है कि गृह मंत्रालय ने नई दिल्ली के बक्करवाला में रोहिंग्या अवैध प्रवासियों को ईडब्ल्यूएस फ्लैट प्रदान करने के लिए कोई निर्देश नहीं दिया है।

गृह मंत्रालय ने आगे लिखा, दिल्ली सरकार ने रोहिंग्याओं को एक नए स्थान पर स्थानांतरित करने का प्रस्ताव रखा। एमएचए ने जीएनसीटीडी को ये सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि रोहिंग्या अवैध प्रवासी जहां हैं उसी स्थान पर बने रहेंगे क्योंकि एमएचए पहले ही विदेश मंत्रालय के माध्यम से संबंधित देश के साथ उनके निर्वासन का मामला उठा चुका है। इस बयान में कहा गया कि अवैध विदेशियों को कानून के अनुसार उनके निर्वासन तक डिटेंशन सेंटर में रखा जाना है।

## केजरीवाल ने मेक इंडिया नंबर वन मिशन किया शुरू




नयी दिल्ली।

राष्ट्रीय राजधानी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को एक राष्ट्रीय मिशन की शुरुआत की। इसके जरिए मुख्यमंत्री केजरीवाल ने देश के सभी नागरिकों को इसके साथ जोड़ने का लक्ष्य रखा। उन्होंने कहा कि हमें भारत को एक बार फिर दुनिया का नंबर-वन देश बनाना है। हमें भारत को फिर से महान बनाना है। हम आज मेक इंडिया नंबर वन नामक एक राष्ट्रीय मिशन की शुरुआत कर रहे हैं। इस देश के हर नागरिक यानी की 130 करोड़ लोगों को इस मिशन से जोड़ना है।

उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल हो चुके हैं। इन 75 वर्षों में हमने बहुत कुछ हासिल किया, भारत ने बहुत कुछ हासिल किया लेकिन लोगों में गुस्सा है, एक सवाल है कि हमारे बाद आजादी पाने वाले कई छोटे राष्ट्र हमसे आगे निकल गए... भारत क्यों पिछड़ गया? हर नागरिक यही पूछ रहा है।

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर इन पार्टियों और नेताओं के भरोसे हमने छोड़ दिया तो अगले 75 साल और पीछे रह जाएंगे। इनमें से किसी को परिवार, किसी को दोस्त प्यार है और तो और किसी को भ्रष्टाचार करना है, इन लोगों ने अपना घर भरने के अलावा कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि इनके भरोसे छोड़ा तो देश 75 साल और पीछे रह जाएगा।

## कोरोना की संक्रमण दर ने बढ़ाई टेंशन

### प्रीकॉशन डोज हमारे लिए महत्वपूर्ण : वीके पॉल

नई दिल्ली

देश में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 9,062 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की संख्या बढ़कर 4,42,86,256 हो गई और संक्रमण के कारण जान गंवाने वाले लोगों की कुल संख्या 5,27,134 हुई। राष्ट्रीय राजधानी में कोरोना का खतरा लगातार बढ़ रहा है। दिल्ली में कोरोना संक्रमण की दर 20 फीसदी के करीब पहुंच चुकी है। बीते करीब 7 महीने में ये सबसे ज्यादा है। दिल्ली में इस समय 5387 कोरोना के मरीज होम आइसोलेशन में हैं और 563 मरीज अस्पताल में भर्ती बताए जा रहे हैं। वहीं अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों में 90 प्रतिशत लोगों ने प्रीकॉशन डोज नहीं ली है। नीति आयोग के सदस्य(स्वास्थ्य) डॉ वीके पॉल ने कहा कि कोरोना से बचने के लिए प्रीकॉशन डोज हमारे लिए महत्वपूर्ण है जिसको भी दूसरी डोज लगे हुए 6 महीने हो गए है उसे प्रीकॉशन डोज लगाना जरूरी है। वैक्सीन की कोई कमी नहीं हुई है तो वैक्सीन के केंद्र पर सभी को प्रीकॉशन डोज जरूर लगवाना है। दिल्ली के डिप्टी सीएम ने आंकड़े शेयर करते हुए कहा, अस्पतालों में भर्ती कोरोना वायरस संक्रमितों की संख्या बताती है कि वैकसीन की एहतियाती खुराक लेने वाले लोग अन्य लोगों से अधिक सुरक्षित हैं।

## किसानों को केंद्र की बड़ी सौगात

### अल्पकालिक कृषि ऋण पर 1.5% की छूट का ऐलान

नयी दिल्ली।

केंद्र सरकार ने बुधवार को किसानों को बड़ी सौगात दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। जिसमें तीन लाख रुपए तक के अल्पकालिक कृषि ऋण पर डेढ़ फीसदी सालाना ब्याज सहायता को मंजूरी दी गई।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि कैबिनेट ने 3 लाख रुपए तक के अल्पकालिक कृषि ऋण पर 1.5 फीसदी सालाना की ब्याज छूट को मंजूरी दी। कृषि क्षेत्र में पर्याप्त ऋण प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट ने यात्रा, पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र के लिए आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना की सीमा 50,000 करोड़ रुपए तक बढ़ाने को मंजूरी दी है।

आपको बता दें कि कर्ज देने वाले संस्थानों को वित्त वर्ष 2022-23 से 2024-25 के लिए किसानों को दिए गए तीन लाख रुपए तक के अल्पकालिक कर्ज के एवज में 1.5 फीसदी ब्याज सहायता दी जाएगी। कहा जा रहा है कि ब्याज सहायता के तहत 2022-23से 2024-25 की अवधि के लिए 34,856 करोड़ रुपए के अतिरिक्त बजटीय प्रावधान की जरूरत होगी।



#### क्या है सबवेंशन स्कीम

सरकार की ओर से सहकारी समितियों और बैंकों के जरिए किसानों को कम ब्याज दर पर शॉर्ट और लॉन्ग टर्म के लिए लोन दिया जाता है। इस लोन को कई किसान समय पर चुका देते हैं और जबकि काफी किसान किसी कारणवश समय पर नहीं चुका पाते। जो किसान समय पर लोन चुका देते हैं, उन्हें इंटरेस्ट सबवेंशन स्कीम का फायदा मिलेगा।

## छात्रसंघ चुनाव : उम्र सीमा में रियायत देने की याचिका खारिज

### चुनाव से ज्यादा जरूरी पढ़ाई : जज

जयपुर.

राजस्थान हाईकोर्ट में जज महेश गोयल ने छात्रों को उम्र सीमा में रियायत देने की याचिका को खारिज कर दिया है। गोयल ने कहा कि छात्र जीवन में चुनाव से ज्यादा जरूरी पढ़ाई है। आप लोगों को पढ़ने से नहीं रोका जा रहा है। इसलिए अच्छे से पढ़ाई करें। वहीं, नरेंद्र यादव द्वारा एडमिशन की याचिका को लेकर आज सुनवाई नहीं हो पाई।

दरअसल, राजस्थान में कोरोना संक्रमण की वजह से पिछले 2 साल से छात्र संघ चुनाव नहीं हुए थे। वहीं, इस बार 26 अगस्त को छात्र संघ चुनाव के लिए वोटिंग होनी है। ऐसे में छात्रसंघ चुनाव में भाग्य आजमाने के लिए बड़ी संख्या में छात्रनेता अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं।



इनमें बड़ी संख्या में ऐसे छात्र भी हैं। जो पिछले 2 साल से चुनाव नहीं लड़ पाए थे। लेकिन इस बार उनकी एज लिमिट 25 साल के पार कर गई है। जिसकी वजह से उन्होंने हाईकोर्ट से उम्र सीमा में छूट देने की मांग की थी।

हाई कोर्ट के फैसले के बाद छात्र संघ चुनाव में शामिल होने की उम्मीद लगाए बैठे छात्रों की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। छात्र नेता लोकेंद्र ने कहा- पिछले 2 साल से कोरोना संक्रमण की वजह से हम चुनाव नहीं लड़ पाए। वहीं अब जब चुनाव लड़ने का मौका आया तब उम्र सीमा की बंदिश ने हमें बांध लिया है। जो पूरी तरह गलत है। जिस तरह सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं में युवाओं को उम्र सीमा की रियायत दी है। उन्हें छात्र नेताओं को भी रियायत देनी चाहिए थी।

## प्रदेश में भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर

### प्रतापगढ़ में 7 इंच तक बरसात

### 6 शहरों में भारी बारिश का अलर्ट

जयपुर.

राजस्थान में पिछले 2 दिन से हो रही भारी बारिश ने दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के बांधों को ओवरफ्लो कर दिया। 10 बांधो के गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है। 5 शहरों की प्यास बुझाने वाले बीसलपुर बांध का गेज 311.90 आरएल मीटर तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने 24 घंटे के दौरान 6 जिलों में भारी बारिश होने की संभावना जताई है।

बीते 24 घंटे के दौरान कोटा, उदयपुर, जोधपुर संभाग के 7 जिलों में 4 इंच से ज्यादा बरसात हुई। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से जो डिप्रेशन सिस्टम बना था, वह अभी राजस्थान के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में एक्टिव है। यह पश्चिम-उत्तर की ओर से मूव कर रहा है। इससे अगले 24 घंटे के दौरान जोधपुर, बीकानेर संभाग के 6 जिलों में बारिश होगी।

मौसम केन्द्र जयपुर के मुताबिक उदयपुर, सिरोही, प्रतापगढ़, पाली, जोधपुर, झालावाड़, डूंगरपुर जिलों के कई इलाकों में 4 इंच (100एमएम) से ज्यादा बरसात हुई। सबसे ज्यादा बरसात प्रतापगढ़ के अरनोद में 173एमएम (7 इंच) हुई। राजस्थान, एमपी में हुई भारी बारिश के कारण चंबल नदी फुल कैपेसिटी के साथ बह रही है। इस पर बने सभी बांधों के गेट खोल दिए हैं। एमपी में बने गांधी सागर बांध के 8 गेट खोलकर पानी छोड़ा जा रहा है, जिसके चलते चित्तौड़गढ़ के राणा प्रताप सागर के 6, कोटा के जवाहर सागर के 7 और कोटा बैराज के 13 गेट खोलने पड़े हैं।



#### बीसलपुर बांध का जलस्तर 311.90 आरएल मीटर पहुंचा

तेज बारिश ने अजमेर, जयपुर, टोंक के लोगों के लिए पीने के पानी की समस्या को दूर कर दिया। पिछले 24 घंटे के दौरान बीसलपुर बांध का गेज 18 सेमी . बढ़ गया। लगातार त्रिवेणी से पानी आ रहा है। बांध का गेज आज सुबह 8 बजे 311 .90 आरएल मीटर तक पहुंच गया। वहीं, त्रिवेणी नदी का गेज अभी 5 .80 मीटर पर चल रहा। बीसलपुर बांध के एक्सईएन हरलाल सिंह ने बताया कि इस मानसून सीजन में बांध में अब तक 9 टीएमसी (थाउजेंड मिलियन क्यूबिक) पानी आ चुका है।

## सम्पादकीय

# हिंसा की घाटी

कश्मीर घाटी में लक्षित हिंसा का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। पिछले एक हफ्ते में यह दूसरी घटना है, जब आतंकियों ने आम लोगों को निशाना बना कर हमला किया। ताजा घटना शोपियां की है, जिसमें दहशतगर्दों ने सेब के बाग में लोगों पर गोलियां बरसाईं, जिसमें एक कश्मीरी पंडित की मौत हो गई और दूसरा, उसका भाई, गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके पहले गुरुवार को उन्नीस साल के एक गैर-कश्मीरी, बिहारी मजदूर, की गोली मार कर हत्या कर दी गई। इन घटनाओं से एक बार फिर रेखांकित हुआ है कि दहशतगर्द हिंदुओं और गैर-कश्मीरियों को भयभीत करके घाटी छोड़ने पर मजबूर करने की कोशिश कर रहे हैं। अब उनकी रणनीति बदल गई है। पहले वे केवल सरकार को चुनौती देने के मकसद से हमले करते थे या फिर घाटी के उन लोगों को निशाना बनाते थे, जो उनके खिलाफ जाने का प्रयास करते थे। मगर अब वे सरकार की सुरक्षा-व्यवस्था को चुनौती देने के साथ-साथ गैर-कश्मीरियों को घाटी से बाहर निकालने की रणनीति पर भी काम कर रहे हैं। पिछले एक साल में कई बाहरी मजदूरों को गोली मार दी गई। ये घटनाएं इसलिए भी सरकार के लिए चिंता का विषय होनी चाहिए कि दहशतगर्द एक तरह से उनके दावों और तैयारियों को खोखला साबित कर रहे हैं। जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा समाप्त होने के बाद लंबे समय तक घाटी में कर्फ्यू लगा रहा, तमाम संचार माध्यम ठप्प रहे, सेना की तैनाती बढ़ा दी गई थी, आतंकियों के खिलाफ तलाशी अभियान तेज कर दिया गया था, उन्हें वित्तीय मदद पहुंचाने वालों के सलाखों के पीछे डाला गया, सीमा पार से उन्हें पहुंचने वाली इमदाद रुकी हुई थी। फिर सरकार दावा करती रही कि घाटी में अब आतंकी संगठनों की कमर टूट चुकी है।

मगर हकीकत यह है कि इसके बावजूद वहां दहशतगर्द सक्रिय रहे। उनमें नौजवानों की भर्तियां चलती रहीं। यह तथ्य खुद सरकार ने बकायदा आंकड़ों के साथ स्वीकार किया। पिछले दिनों कश्मीरी पंडितों को लक्ष्य बना कर हत्याओं का सिलसिला बढ़ा, तो वहां रह रहे कश्मीरी पंडितों ने एकजुट होकर सरकार से मांग की कि उन्हें घाटी से सुरक्षित बाहर निकाला जाए। कई परिवार घाटी छोड़ कर बाहर भी निकल गए। तब सरकार ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी सुरक्षा का ध्यान रखा जाएगा। वह आश्वासन महज आश्वासन साबित हुआ। उसी का नतीजा है कि दहशतगर्द कश्मीरी पंडितों को निशाना बनाने से बाज नहीं आ रहे। इस वक्त जम्मू-कश्मीर की शासन-व्यवस्था केंद्र के हाथ में है। वह वहां बढ़ रही दहशतगर्दी का ठीकरा दूसरे के सिर फोड़ कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकती। उसे नए सिरे से विचार करने की जरूरत है कि क्या वजह है कि तमाम चौकसी और कड़ाई के बावजूद घाटी में आतंकी मंसूबे बढ़ते ही जा रहे हैं। केंद्र सरकार लगातार प्रयास करती रही है कि घाटी छोड़ कर बाहर गए कश्मीरी पंडित वापस अपने घरों को लौटें। कई परिवार लौटे भी। मगर फिर से उन्हें सुरक्षा नहीं मिल पा रही, तो उनके वहां टिके रहने को लेकर कोई दावा करना मुश्किल होगा। ऐसा क्या है कि सरकार घाटी में रह रहे थोड़े से गैर-कश्मीरी और कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा सुनिश्चत नहीं कर पा रही। आखिर कैसे तमाम शिकंजों के बावजूद आतंकियों के पास हथियार और पैसे वगैरह पहुंच पा रहे हैं। अब सरकार को अपनी रणनीति बदलनी होगी।

# रक्षा क्षेत्र की बदलती तस्वीर

**देश की आजादी के बाद कई क्षेत्रों में बड़े काम हुए, लेकिन रक्षा क्षेत्र एक तरह से उपेक्षित ही रहा। इसका नतीजा यह हुआ कि दशकों तक भारत भारत रक्षा सामान और हथियारों के लिए दूसरे देशों पर ही निर्भर बना रहा। अगर इस ओर शुरू से ही ध्यान दिया जाता तो शायद 1962 में हम चीन से जंग में हारते नहीं। तब हमारे सैनिकों के पास लद्दाख जैसे ठंडे इलाके में लड़ने के लिए उपयुक्त सैन्य पोशाक और जूते तक नहीं थे। लेकिन इसके बाद भी लंबे समय तक भारत रक्षा उपकरणों और छोटे-छोटे जरूरी सामान के लिए दूसरे देशों का ही मुंह ताकता रहा। कुछ साल पहले तक भी भारत रक्षा क्षेत्र में उपयोग होने वाले लगभग ज्यादातर उत्पाद, हथियार और उपकरण विदेशों से खरीदे जाते रहे। यही कारण रहा कि भारत पूरे विश्व में रक्षा उपकरणों का सबसे बड़ा आयातक देश बना रहा। पर अब हालात बदल रहे हैं। आज दक्षिण पूर्व एशिया में भारत का दबदबा बढ़ रहा है। हथियार निर्यात से न केवल देश की आय बढी है, बल्कि फिलिपीन के बाद वियतनाम और इंडोनेशिया जैसे देशों ने भी भारत से हथियार खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है।**

नब्बे के दशक में जहां भारत हथियारों का पता लगाने वाली राडार प्रणाली हासिल करने के लिए अमेरिका और इजराइल के सामने हाथ फैलाने को मजबूर था, वहीं हाल में भारत ने यही राडार प्रणाली आर्मेनिया को बेच कर रक्षा बाजार में अपना झंडा गाढ़ा है। हाल के वर्षों में रक्षा क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ा है। महत्त्वपूर्ण यह कि आज भारत दूसरे देशों को अपने बनाए हथियार और रक्षा साजोसामान बेच भी रहा है। देश में हथियारों और मिसाइलों के निर्माण का काम भी तेजी से शुरू हो चुका है। ब्रह्मोस मिसाइल के अलावा आकाश वायु रक्षा प्रणाली और स्वदेशी जेट विमान तेजस की भी पूरी दुनिया में धूम मची है। बड़े-बड़े देशों ने तेजस को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। रक्षा उपकरणों का सबसे बड़ा आयातक अमेरिका भी पूरी तरह भारत में विकसित इस लड़ाकू विमान में रुचि ले रहा है। अमेरिका, आस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया और फिलिपीन सहित छह देश तेजस की खरीद के लिए आगे आए हैं। मलेशिया तो पहले ही इस विमान को खरीदने के लिए प्रस्ताव रख चुका है। इसके तहत वह भारत से अठारह तेजस खरीदने का इच्छुक है। हिंदुस्तान एअरोनाटिक्स लिमिटेड द्वारा निर्मित तेजस एक इंजन वाला बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान है, जिसकी क्षमता अत्यधिक खतरे वाले माहौल में परिचालन की है। चीन दक्षिण चीन सागर से लेकर दक्षिण पूर्व एशिया तक विस्तारवादी नीति पर चल रहा है। इसलिए दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के लिए वह बड़ी चुनौती बन गया है।

जाहिर है, ऐसे में हर देश के लिए सैन्य ताकत बढ़ाना वक्त की जरूरत बनता जा रहा है और संयोग से यह अवसर भारत को मिल रहा है। ब्रह्मोस मिसाइल के अलावा भारत में विकसित वायु रक्षा प्रणाली की भी दुनिया के रक्षा बाजार में खासी धूम है। सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश भी हमसे ये हथियार प्रणालियां खरीदना चाह रहे हैं। अभी मोटे तौर पर करीब बयालीस देश भारत से रक्षा उपकरणों और हथियारों का आयात करते हैं। इन देशों में कतर, लेबनान, इराक, इक्वाडोर और जापान जैसे देश भी शामिल हैं। भारत से निर्यात होने वाले रक्षा उपकरणों और हथियार प्रणालियों में प्रमुख रूप से युद्धक स्थितियों में शरीर की सुरक्षा करने वाले उपकरण शामिल हैं। वियतनाम, इंडोनेशिया और फिलिपीन के अलावा बहरीन, केन्या, सऊदी अरब, मिस्र, अल्जीरिया और संयुक्त अरब अमीरात ने भी आकाश मिसाइल को खरीदने में अपनी रुचि दिखाई है। कई अन्य देश तटीय निगरानी प्रणाली, राडार और एअर प्लेटफार्म खरीदना चाह रहे हैं। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और दक्षिण अफ्रीका भारत से ब्रह्मोस मिसाइल खरीदने के लिए बात कर रहे हैं। ध्वनि की रफ्तार से तीन गुना तेज चलने वाली ब्रह्मोस मिसाइल भारत-रूस सैन्य सहयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। इसके निर्माण के लिए दोनों देशों के बीच 1998 में सहमति हुई थी। ब्रह्मोस मिसाइल का नाम ब्रह्मपुत्र और मस्क्वा नदियों के नामों को मिला कर रखा गया है। आज भारत रक्षा उपकरणों के निर्यात के मामले में दुनिया के शीर्ष पच्चीस देशों की सूची में शामिल हो गया है। वर्ष 2019 में रक्षा उपकरणों के निर्यात के मामले में भारत का



स्थान उन्नीसवां था। नब्बे के दशक में जहां भारत हथियारों का पता लगाने वाली राडार प्रणाली हासिल करने के लिए अमेरिका और इजराइल के सामने हाथ फैलाने को मजबूर था, वहीं हाल में भारत ने यही राडार प्रणाली आर्मेनिया को बेच कर रक्षा बाजार में अपना झंडा गाढ़ा है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार भारत ने वित्त वर्ष 2017 में एक हजार पांच सौ इक्कीस करोड़ रुपए के रक्षा उपकरणों का निर्यात किया था, जो वित्त वर्ष 2018 में चार हजार छह सौ बयासी करोड़ रुपए का रहा और वित्तीय वर्ष 2019 में बढ़ कर दस हजार सात सौ पैंतालीस करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया था। कुल मिला कर पिछले सात वर्षों के दौरान भारत ने पचहत्तर से अधिक देशों को अड़तीस हजार करोड़ रुपए के रक्षा उपकरणों का निर्यात किया है। नौसैनिक जहाजों का पूरी तरह से भारत में ही निर्माण भी एक बड़ी कामयाबी रही है। भारत की रक्षा उपकरण निर्माण कंपनियों ने सस्ती गश्ती नौकाएं बना कर दूसरे देशों को बेची हैं। इसी प्रकार हवाई रक्षा क्षेत्र में हिंदुस्तान एअरोनाटिक्स लिमिटेड ने प्रयोग के तौर पर उच्च स्तरीय हल्के हेलिकाप्टर का निर्माण भी सफलतापूर्वक किया है। अब तो सरकारी एवं निजी क्षेत्र में कई रक्षा उपकरण उत्पादक कंपनियां नए उत्पादों के साथ दुनिया के अन्य देशों से मुकाबला करने की स्थिति में आ रही हैं। वित्तीय वर्ष 2022-23 के रक्षा बजट में यह व्यवस्था की गई है कि शोध एवं अनुसंधान पर खर्च की जाने वाली कुल राशि का पच्चीस प्रतिशत भाग निजी उद्योगों एवं नवाचारी उद्योगों को उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही, रक्षा सेवाओं के आधुनिकीकरण के लिए बारह प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.52 लाख करोड़ रुपए की राशि निर्धारित की गई है। महत्त्वपूर्ण बात यह है कि सरकार ने 2024-25 तक रक्षा निर्यात लक्ष्य 36,500 करोड़ रुपए तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। इस वक्त सरकार का जोर स्वदेशी हथियार निर्माण पर अधिक है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए केंद्र ने आर्डिनेंस फैक्ट्री बोर्ड और इकतालीस आयुध निर्माण फैक्ट्रियों को मिला कर रक्षा क्षेत्र में सात सार्वजनिक उपक्रम (डीपीएसयू) बना दिए हैं। इसका उद्देश्य प्रशासनिक चुस्ती के साथ कामकाज में पारदर्शिता और तेजी लाना है। बीते आठ वर्ष में भारत के रक्षा निर्यात में करीब छह गुना वृद्धि हुई है। फिलिपीन के साथ 2,770 करोड़ रुपए का रक्षा सौदा मील का पत्थर है। पिछले चार-पांच वर्षों में देश का रक्षा आयात लगभग इक्कीस फीसद कम हुआ है।

## आज का राशिफल

### मेष

अनुकूलता से भरपूर आज के दिन आप सभी काम तन-मन की स्थिरता के साथ करेंगे। इस कारण काम करने में उत्साह और स्फूर्ति का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ होगा। परिवार में आनंद और उल्लास का माहौल रहेगा।

### वृषभ

आपके भीतर क्रोध और हताशा हावी होगी। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। परिवार और आर्थिक मामलों में चिंता बनी रहेगी। स्वभाव की उग्रता के कारण किसी के साथ मतभेद या झगड़े होने की संभावना है।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए सभी तरह से लाभदायक होगा। अविवाहित व्यक्तियों को योग्य जीवनसाथी मिलेगा। धन प्राप्ति के लिए शुभ दिन है। मित्रों के साथ आनंददायक मुलाकात होगी। उनके द्वारा लाभ मिलेगा।

### कर्क

आज का दिन आपके व्यवसाय के लिए लाभदायी है। आप पर उच्च अधिकारियों की कृपा रहेगी। आपके वर्चस्व में वृद्धि होगी। पदोन्नति की संभावना है। परिवार में आवश्यक विषयों पर चर्चा होगी। माता का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

### सिंह

आज का दिन धार्मिक कामों में गुजरने वाला है। परिजनों के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। आज पहले हाथ में आए काम को पूरा करें, फिर दूसरे काम की ओर बढ़ें।

### कन्या

मन के संयम को आज के दिन का मंत्र बना लें, क्योंकि स्वभाव की उग्रता के कारण किसी के साथ मनमुटाव होने की संभावना है। गुप्त शत्रु बाधा उत्पन्न करेंगे, इसलिए सतर्क रहें। नए काम की शुरुआत स्थगित रखें।

### तुला

आज का दिन आपका मन दोस्तों और स्नेहीजनों के साथ खान-पान, सैर-सपाटे एवं प्रेम सम्बंधों की वजह से प्रफुल्लित रहेगा। आज मनोरंजन के साधनों और वस्त्र आदि की खरीदी पर धन खर्च हो सकता है।

### वृश्चिक

पारिवारिक सुख-शांति के कारण शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। निर्धारित कामकाज में आप सफलता प्राप्त कर सकेंगे। ऑफिस में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा।

### धनु

आपके विरोधी और शत्रुओं की चाल सफल नहीं हो सकेगी। आपको आर्थिक लाभ होगा। ननिहाल पक्ष से भी कोई अच्छे समाचार आपको मिलेंगे। आप आवश्यक खर्च करेंगे। अस्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य में सुधार आएगा।

### मकर

आज आपको क्रोध पर संयम बरतने की ज़रूरत है। पेट संबंधित बीमारियों से परेशानी होगी। किसी भी काम में सफलता न मिलने से निराशा हो सकती है। साहित्य या अन्य किसी सृजनात्मक कला के प्रति रुचि रहेगी।

### कुंभ

आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा। पारिवारिक वातावरण आनंदित रहेगा। परिजनों के साथ वाद-विवाद या निरर्थक चर्चा के प्रसंग बनेंगे। इससे आप का मन व्यथित रह सकता है। अपयश मिलने की आशंका है।

### मीन

आज आपके मन से चिंता का भार कम हो जाएगा और आप मानसिक रूप से खुशी का अनुभव करेंगे। विशेष कर भाई-बहनों के साथ संबंधों में मधुरता का अनुभव करेंगे। छोटे से प्रवास की भी संभावना है।

## व्यापार समाचार

# फ्लिपकार्ट पर सरकार ने लगाया एक लाख का जुर्माना

नई दिल्ली।

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। दरअसल, फ्लिपकार्ट पर आरोप है कि कंपनी ने अपने प्लेटफॉर्म के जरिये गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरने वाले घरेलू प्रेशर कुकर की बिक्री की अनुमति दी थी। यही वजह है कि जुर्माना लगाया गया है। सीसीपीए की मुख्य आयुक्त निधि खरे ने कहा कि फ्लिपकार्ट ने अपने प्लेटफॉर्म पर घटिया प्रेशर कुकर की बिक्री की अनुमति दी। यह उपभोक्ताओं के अधिकारों का उल्लंघन है। इसलिए एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।






# खुदरा व्यवसायों में महामारी से पहले के स्तर से स्वस्थ वृद्धि जारी : आरएआई



नई दिल्ली।

भारतीय खुदरा संघ (आरएआई) ने बुधवार को कहा कि देश में खुदरा व्यवसायों की वृद्धि दर महामारी से पहले के स्तर के मुकाबले काफी अच्छी है और जुलाई 2019 के मुकाबले इस साल जुलाई में बिक्री 18 प्रतिशत बढ़ी। आरएआई के ताजा व्यापार सर्वेक्षण के मुताबिक पूर्वी भारत क्षेत्र में पिछले महीने सबसे अधिक 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

इसके बाद 21 प्रतिशत के साथ दक्षिण क्षेत्र, 16 प्रतिशत के साथ उत्तर क्षेत्र और 10 प्रतिशत के साथ पश्चिम क्षेत्र का स्थान रहा। श्रेणियों के अनुसार बात करें तो खेल के सामान की बिक्री जुलाई 2019 की तुलना में 32 प्रतिशत बढ़ी। इसके अलावा जूते और फर्नीचर में 23 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सर्वेक्षण के अनुसार परिधान और कपड़ों में 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। रेस्टोरेंट, टिकाऊ उपभोक्ता सामान और इलेक्ट्रॉनिक जूतों की बिक्री 17 प्रतिशत बढ़ी। सर्वेक्षण के अनुसार आभूषण श्रेणी में 15 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जबकि खाद्य एवं किराना में 11 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। सौंदर्य, स्वास्थ्य और व्यक्तिगत देखभाल खंड में बिक्री सिर्फ तीन प्रतिशत बढ़ी। आरएआई के सीईओ कुमार राजगोपालन ने कहा कि देश भर में खुदरा कारोबार अच्छा दिख रहा है और महामारी से पहले के स्तर के मुकाबले बिक्री में स्वस्थ वृद्धि जारी है।




# मकान की दीवार व पट्टियां ढही

## जर्जर दीवार से हो सकता है बड़ा हादसा



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ(नागौर डेली न्यूज) :** लाडनूँ में दो दिनों से हो रही रिमझिम बारिश एक गरीब बीपीएल परिवार के लिए आफत बन गई है। यहां बीपीएल परिवार के आशियाने की दीवार व पट्टियां नीचे गिर गई है। लाडनूँ के बड़ा जैन मंदिर के पास शांतिलाल सेठी पुत्र भंवरलाल के मकान की सामने वाली दीवार व सामान रूम की एक पट्टी धमाके के साथ नीचे गिर गई हालांकि पीड़ित उस समय वहां से दूसरे रूम में था। जिसके चलते कोई जनहानि नहीं हुई। पीड़ित शांतिलाल कहना है कि यहां बारिश के चलते उसके पुराने मकान में सीलन हो गई। जिससे अचानक ही बाहर की दीवार व एक पट्टी टूटकर नीचे गिर गई इसके मलबे से लोगों के आने जाने का मार्ग अवरुद्ध हो गया। इस मकान के दूसरे साईड से दीवार भी जर्जर हो गई है। पास में मुख्य बाजार होने से आने जाने वालो के लिए अब रास्ता खतरे से खाली नहीं है यहां कभी भी राह चलते लोगों पर दीवार गिरने का खतरा बना हुआ है। समाजसेवी अनिल पहाड़िया ने बताया कि परिवार बीपीएल होने से इनका गुजर बसर व खाने पीने का बन्दोबस्त भी मुश्किल है। अब प्रशासन से सहयोग करने की मांग की गई है।

# लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट जिला स्तर पर सम्मानित



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राज्य सरकार की इंदिरा रसोई योजना का कुचामन में सफल संचालन के लिए किये गए उत्कृष्ट कार्य हेतु शहर की सामाजिक संस्था लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट को स्वायत्त शासन विभाग राजस्थान द्वारा नागौर जिला स्तर पर प्रथम रेंक के सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। नागौर में आयोजित समारोह में राजस्थान सरकार के उपमुख्य सचेतक महेन्द्र चौधरी, जिला कलेक्टर पीयूष सांभरिया, अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल ने क्लब के सहसचिव एवं रसोई प्रभारी लॉयन रचित नंदवाना को प्रथम रेंक के सर्टिफिकेट, स्मृति चिन्ह एवं प्रोत्साहन राशि स्वरूप 11 हजार का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। क्लब को मिली इस उपलब्धि पर अध्यक्ष लॉयन द्वारका प्रसाद कुमावत, संस्थापक अध्यक्ष लॉयन राम काबरा, संरक्षक लॉयन पवन जैन, उपाध्यक्ष लॉयन मुरलीधर गोयल, मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष मोहम्मद शकील, महावीर इंटरनेशनल के जोन कोषाध्यक्ष सुभाष पहाड़ीया, सचिव रामअवतार गोयल, महेश लढ़ा ने खुशी जाहिर करते हुए लॉयन रजत नंदवाना एवं रसोई टीम का दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। इस दौरान लॉयन राम काबरा ने कहा यह सम्मान समर्पित है। शहर के आमजन, सामाजिक संस्थाओं, भामाशाहों एवं नगरपरिषद प्रशासन तथा रसोई के कार्यकर्ताओं को जिनके विश्वास के साथ मिल रहे निरंतर सहयोग की वजह से लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट द्वारा संचालित इंदिरा रसोई कुचामन ने यह मुकाम हासिल किया है। लॉयन रचित नंदवाना ने बताया कि रसोई की स्वच्छता के साथ भोजन की शुद्धता एवं पौष्टिकता का विशेष ध्यान रखते हुए यहां पर आमजन को घर के जैसा भोजन कराया जाता है।

# जांगिड़ उपखंड स्तर पर सम्मानित



धनसुख सैनी

**जिलिया( नागौर डेली न्यूज )।** स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राणासर में कार्यरत वरिष्ठ अध्यापक सुशील कुमार जांगिड़ को उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य, सहशैक्षिक गतिविधियों, विद्यालय में भौतिक विकास, कर्तव्य निष्ठता, उत्कृष्ट बोर्ड परीक्षा परिणाम एवं सराहनीय सेवा के लिए उपखंड स्तरीय कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी कुचामन बाबूलाल जाट, तहसीलदार कुलदीप, कुचामन नगर परिषद के सभापति आसिफ खान, उप सभापति हेमराज चावला, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी जगदीश राय द्वारा प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# विवेकानंद मॉडल स्कूल के 4 छात्रों का एनएमएमएस छात्रवृत्ति में चयन

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** स्वामी विवेकानंद मॉडल विद्यालय से एनएमएमएस परीक्षा 2022 में छात्रवृति के लिए चार विद्यार्थियों का चयन हुआ है। विवेकानंद मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य पुनाराम महिया ने बताया की पर विद्यालय परिवार ने खुशी जाहिर की। पुनाराम महिया ने बताया कि एनएमएमएस परीक्षा 2022 में स्थानीय विद्यालय से छात्र गजेन्द्र, भूमिका, विधि व कीर्ति का चयन छात्रवृति के लिए हुआ है। इसको लेकर डेगाना शहर व विद्यालय में खुशी का माहौल है। महिया ने बताया कि सरकारी विद्यालय मे भी लगातार मेहनत और परिश्रम से छात्र-छात्राएं आगे बढ़ रहे हैं।

# जालोर में दलित बच्चे की हत्या के बाद सर्व समाज ने न्याय के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

पुखराज तानाण



**बड़ीखाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** मंगलवार को सर्व समाज के लोगों ने जालोर में दलित बच्चे के साथ हुई मारपीट से मौत के मामले को लेकर जायल में अंबेडकर सर्किल से पैदल मार्च और विरोध प्रदर्शन करते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचकर उपखंड अधिकारी सुनील कुमार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इधर विभिन्न संगठनो के लोगो ने बताया कि आजादी के 75 साल बाद भी दलितों पर अत्याचार हो रहा है। जब एक स्कूली छात्र की मटके से पानी पीने पर हत्या कर दी गई। इससे ज्यादा जघन्य अपराध क्या होगा। वहीं उन्होंने कहा कि जिस शिक्षक ने ऐसा जघन्य अपराध किया उसे फांसी की सजा मिलनी चाहिए। पीड़ित परिवार को एक करोड़ रूपए आर्थिक सहायता की मांग की है। साथ ही परिवार के सदस्य को नौकरी देने की मांग की है। इस मौके पर राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर, सर्व समाज, जन अधिकार सेना संगठन के लोग ज्ञापन देने पहुंचे।

# बरसात से किसानों के चेहरों पर छायी खुशी



पुखराज तानाण

**बड़ी खाटू(नागौर डेली न्यूज) :** बड़ी खाटू कस्बे सहित क्षेत्र के किसान बरसात का इंतजार कर रहे थे। लगातार दो दिन से अच्छी बरसात से किसानो के चेहरों पर खुशिया लौटकर आ गयी। किसानों ने बताया कि बरसात होने से बाजरी, मूंग, मोठ, ग्वार, तिल सहित की फसले लहराने लगी है।

## 'तोड़ दो रिश्ते नाते मैं तुमसे प्रीत लगा बैठा हूं'

# लाडनू में आजादी के अमृत महोत्सव पर काव्य संध्या आयोजित




अबूबकर बल्खी

**लाडनूं( नागौर डेली न्यूज ) :** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर कॅरिअर मंत्र संस्थान एवं साहित्य संगम के तत्वावधान में एक शाम-वतन के नाम का आयोजन साहित्यकार रामकुमार तिवारी की अध्यक्षता में किया गया। रचनाकार पंकज सबलानिया ने 'तोड़ दो रिश्ते नाते मैं तुमसे प्रीत लगा बैठा हूं' गजल प्रस्तुत की। इसी प्रकार जयसिंह नांदू सुरपालिया ने वीर रस से ओत-प्रोत रचना सरहद पर समर्पित है प्रिय, मैं तस्वीर के सहारे जिंदगी बसर कर लूंगी। प्रस्तुत कर श्रोताओं को वीर रस सरोबार किया। वहीं कवि कालीचरण शर्मा ने आवो फिर से दीप जलाये। प्रस्तुत कर कार्यक्रम को ऊँचाई बख्शी। इसी प्रकार साहित्यकार सीताराम सोनी, कवि जीतमल जीत, डॉ. वीरेंद्र भाटी मंगल, शिवशंकर बोहरा, जगदीश यायावर, रामसिंह रेगर आदि ने रचनाएं पढ़ी। रचनाकारों ने देर रात तक एक से बढ़कर एक रचनाएं प्रस्तुत की।

भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री सुनीता वर्मा, जिला उपाध्यक्ष अंजना शर्मा, पार्षद सुमित्रा आर्य, सुभाष बोस शिक्षण संस्थान के निदेशक रामगोपाल मील मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शंकर आकाश ने किया।

## इन्द्र मेघवाल हत्याकाण्ड को लेकर आज दिया जाएगा ज्ञापन

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** जालौर के सायला में शिक्षक द्वारा की गई मारपीट के बाद छात्र इन्द्र मेघवाल मोत पर डेगाना के दलित समाज ने गहरी नाराजगी प्रकट की। मेघवाल विकास समिति के अध्यक्ष नरसीरम कटारिया ने जानकारी देकर बताया कि हत्याकाण्ड में सरकार की भेदभावपूर्ण नीति के विरोध में समस्त मेघवाल समाज ने विरोध प्रकट करते हुए मुख्यमंत्री के नाम उपखण्ड अधिकारी डेगाना को संयुक्त हस्ताक्षरित ज्ञापन सौंपने का निर्णय किया। समिति के अध्यक्ष नरसीराम कटारिया ने समस्त मेघवाल समाज को आह्वान किया कि गुरुवार 18 अगस्त को दोपहर 2 बजे चिल्ड्रन पार्क डेगाना में शौक सभा का आयोजन किया जायेगा, जिसमें पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने को लेकर उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन दिया जाना है।

# 18 दिन बाद भी चोरी की वारदात में पुलिस खाली हाथ

## आक्रोशित ग्रामीणों ने आईजी को सौंपा ज्ञापन



जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** निकटवर्ती ग्राम नेतियास में 30 जून को हुई चोरी की बड़ी वारदात के 18 दिन गुजर जाने के बाद भी पुलिस खाली हाथ है। बुधवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने सरपंच संघ अध्यक्ष अमरचंद जाजड़ा एवं नेतियास सरपंच नाथुराम वैष्णव के नेतृत्व में सैकड़ों लोग अजमेर आईजी के पास फरियाद लेकर पहुंचे। प्रतिनिधिमंडल ने आईजी रुपिंदर को क्षेत्र में हो रही चोरी की वारदातों को लेकर नाराजगी जताई। तब आईजी ने नागौर एसपी से दूरभाष पर मामले की जानकारी लेकर टीम गठित करने के निर्देश दिए। गौरतलब हो कि पीलवा थाना क्षेत्र के नेतियास के दोतिना बेरा निवासी जगन्नाथ राम पुत्र श्योजीराम के घर पर 30 जून को हुई चोरी की वारदात में अज्ञात चोर 52 तोला सोना एवं 2 लाख 62 हजार रुपए की नकदी चुरा ले गए। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच किसी अन्य अधिकारी से करवाने की गुहार लगाई। पीह सरपंच अमरचंद जाजड़ा ने बताया कि थाना क्षेत्र में 2 दर्जन से अधिक चोरी की वारदातें हो चुकी है। मगर पुलिस चोरी का खुलासा करने में नाकाम रही है। पीह एवं रिड़ में हुई चोरी की वारदातों का भी आज तक खुलासा नहीं हो पाया हैं। आईजी से मिलने के दौरान शिवजीराम, सुगनाराम, सुखाराम, जगुराम, रिछपाल खींचड़, सुशील, तेजाराम चौधरी, मेवाराम सारण सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मारवाड़ पीजी महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने किया काव्य ऋषि कुंड का भ्रमण

## भूगोल व वनस्पतिविज्ञों की उपस्थिति में अर्जित की महत्वपूर्ण जानकारियाँ

सद्दाम रंगरेज





**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** स्टेशन रोड स्थित मारवाड़ पीजी महाविद्यालय के कला व विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने कुचामन शहर की प्रसिद्ध काव्य ऋषि कुंड पहाड़ियों का भ्रमण कर भूगोलवेत्ता तथा वनस्पतिविज्ञों की उपस्थिति में अरावली पर्वत श्रृंखला से जुड़ी महत्वपूर्ण पहाड़ी क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति तथा वनस्पतियों की महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त की। महाविद्यालय के विधार्थियों के भ्रमण दल को महाविद्यालय निदेशक सुल्तान सिंह थालोड़, अध्यक्ष बनवारी लाल पचार, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार बिजारणियां, प्राचार्य डॉ. एस आर कुमावत, ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल प्रिंसिपल प्रतिमा पंवार ने हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान कराया। भ्रमण के दौरान कला संकाय के विद्यार्थियों ने भूगोलवेत्ता डॉ. प्रतीक सोनी के मार्गदर्शन में अरावली श्रृंखला की चट्टानों की आकारिकी, संयोजन तथा भौगोलिक स्थिति का सर्वेक्षण किया। डॉ. सोनी ने बताया कि भारत की भौगोलिक संरचना में अरावली श्रृंखला संसार की प्राचीनतम पर्वत श्रृंखलाओं में से एक है।

**औषधीय महत्व की महत्वपूर्ण जानकारियाँ अर्जित की :** शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों ने वनस्पतिविज्ञ डॉ. एस.आर. कुमावत के निर्देशन में लिथोफाइट्स पादपों के अनेक वर्गों जैसे एंडोलिथिक लिथोफाइट्स (चैस्मोफाइट्स) तथा ओब्लिगेट लिथोफाइट पादपों की वर्गीकृत स्थिति के साथ इन पादपों की चट्टानों या चट्टानी सबस्ट्रेट्स पर उपलब्ध पोषक तत्वों को कुशलता से अवशोषित करने में सक्षम होने के लिए, लिथोफाइट्स की अनुकूलनताओं तथा औषधीय महत्व की महत्वपूर्ण जानकारियाँ अर्जित की।

**सर्वांगीण विकास हेतु विशिष्ट स्थानों का करवाया भ्रमण :** शैक्षणिक भ्रमण के प्रभारी जगदीश विश्नोई तथा सुखराम चौधरी ने बताया कि महाविद्यालय की और से समय-समय पर सहशैक्षणिक गतिविधियों द्वारा पाठ्यक्रम सहभागिता के अंतर्गत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विशिष्ट स्थानों का भ्रमण करवाया जाता है। भ्रमण दल में कांता विश्नोई, दिव्या सिंह, कमलेश कुमार जाट, नितेश कुमार शर्मा, दानाराम भींचर, बलवीर लोछब, नरेंद्र कुमावत, मनीष मेघवंशी, जिज्ञाशा जैन, मोनिका शर्मा इत्यादि ने भ्रमण कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।

# सालासर बालाजी के लिए 51 भक्तों का जत्था हुआ रवाना



धनसुख सैनी

**जिलिया( नागौर डेली न्यूज )।** कस्बे की गुर्जरों की ढाणी से सालासर के लिए 51 भक्तों का पैदल जत्था रवाना हुआ। जालाराम गुर्जर ने बताया कि पैदल जत्था गुर्जरों की ढाणी से दोपहर सवा एक बजे सोमवार को डीजे की धुन पर नाचते गाते बाबा के दरबार के लिए रवाना हुआ है। इससे पहले ग्राम पंचायत सरपंच गिरधारीराम बावरी ने जत्थे को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।जो मंगलवार शाम को बाबा के दरबार मे पंहुचकर धोक लगाई है। वहीं सभी भक्तगणों ने खुशहाली की कामना की।

इस दौरान पैदल जत्थे में, कुनणाराम घोटिया, भैंरुराम भडाणा, ओमप्रकाश अमरावतिया, दलाराम, औंकार, रिधाराम, गंगाराम शिव, तुल्छाराम कई भक्त मौजूद थे।

## कृष्ण जन्माष्टमी 19 अगस्त को, तैयारियां शुरू

धनसुख सैनी

**जिलिया( नागौर डेली न्यूज )।** कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में 19 अगस्त को कृष्णा जन्माष्टमी हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। हरिकिशोर उर्फ भानू ने बताया कि सदर बाजार में स्थित मुरली मनोहर मंदिर में कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन व मटकी फोड़ प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। कृष्ण जन्माष्टमी से पूर्व मंदिर में विशेष साज-सजावट व रंग बिरंगी रोशनी की जाएगी।

# 20 महीनों में 30 करोड़ का बजट, फिर भी डेगाना में नहीं पानी निकासी की ठोड़

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** एक तरफ डेगाना नगरपालिका विकास के वादे लगातार करती आ रही है दूसरी तरफ डेगाना जनता के लिए बुरा हॉल है, क्योंकि बारिश के दिनों में चारों ओर पानी भरा हुआ है और नाली निर्माण नहीं किया गया है जहां नाली निर्माण गया है वहां उसके आगे या तो नाली बनी हुई नहीं है या आगे पानी निकलता नहीं है, जहां नालियां बनी हुई है वहां पे कचरे से पूरी भरी हुई है डेगाना नगरपालिका के नए कार्यकाल को लगभग 20 महीने का समय हो गया है और नगर पालिका द्वारा डेगाना के विकास कार्यों में कुल 30 करोड़ का बजट लगाया गया फिर भी इतने पैसे खर्च होने के बावजूद भी डेगाना की जनता अपने आप को ठगा महसूस कर रही है।

नाली निर्माण को लेकर लगातार डेगाना की जनता वर्षों से परेशान है और सरकार बदलती रहती है, लेकिन कोई इसको लेकर आज तक सुनवाई नहीं की गई। एक तरफ जहां पर करोड़ों रुपए नगर पालिका द्वारा सड़क निर्माण या अन्य कार्यों में लगाए जा रहे हैं वहीं दूसरी तरफ डेगाना के मुख्य बाजार या अन्य स्थानों पर देखें तो नाली नहीं बनी हुई है। इससे पानी का निकास नहीं हो रहा है और गंदगी और मच्छर इससे बीमारी फैला रहे हैं। दूसरी तक लगातार कहां जा रहा है की मुख्य नाले का निर्माण जल्दी ही किया जाएगा, लेकिन पिछले 7 सालों में नाले का निर्माण जैसे का तैसा बना हुआ है। पहले बीजेपी सरकार ने नाली का शुभारंभ किया, उसके बाद में कांग्रेस सरकार ने आते ही शुभारंभ करके नाले निर्माण की नींव रखी। उसके बाद मे भी नाले का अधूरा काम पूरा होता नहीं दिखाई दे रहा है।

डेगाना शहर मे नगर पालिका द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं लेकिन सड़कें अधूरी है तथा नालियां नहीं बनी हुई और जहां बनी हुई है वहां पर पूरी सफाई नहीं होने के कारण नालियां कचरे से भरी हुई है। एक तरफ जहां डेगाना डिप्टी कार्यालय के पास में शौचालय का निर्माण किया गया है, लेकिन उसकी पूरी सफाई नहीं होने के कारण गंदगी से भरा हुआ रहता है। लोग उसमें जाना तो दूर नजदीक भी नहीं जाना चाहते हैं और दूसरी तरफ नगर पालिका द्वारा लगातार विकास के कार्यों को गिनवा रही है।



## मुख्य समस्या का नहीं हो रहा निदान

डेगाना की मुख्य समस्या बड़े नाली निर्माण की है, लेकिन अभी तक काफी समय से यह निर्माण रुका हुआ है और आने वाले समय में भी नाला बनता मुश्किल नजर आ रहा है तो ऐसे में डेगाना की जनता अपने को ठगा महसूस कर रही है।

## विकास कार्यों में नहीं है गुणवत्ता

अभी तक नगर पालिका द्वारा विकास कार्य में लगाया गया बजट ज्यादातर शहर में सड़कों का विकास किया गया इसको लेकर जहां भी सड़क निर्माण हुआ है उसकी गुणवत्ता को लेकर वार्ड वासी नाराज हैं और जहां नालिया बनाई गई है वहां पर पानी निकलने की बजाय वापस घरों में आ रहा है।

# ग्राम पंचायत सहायकों ने किया प्रदर्शन

## प्रस्ताव की वित्तीय स्वीकृति सहित नियमितीकरण की मांग को लेकर जताई नाराज़गी

- वादाखिलाफी के खिलाफ होगा बड़ा आंदोलन
- विधायकों व मंत्रियों का घेराव व प्रदर्शन जारी



इलियास खान

**नागौर( नागौर डेली न्यूज़ )।** प्रदेश भर में विभिन्न जगह शोषित व पीड़ित विद्यार्थी मित्र पंचायत सहायकों ने मंत्रियों व विधायकों की पीड़ा बता कर ज्ञापन सौंपे व नारेबाज़ी करते हुए विभिन्न जिलों में प्रदर्शन किया। फिर भी सरकार के आलाकमान सहित नुमाइंदे तानाशाही रवैया अपनाते हुए उनकी मांग पर गौर नही फरमा रहे हैं और न ही पीड़ा समझ रहे हैं यह बात राजस्थान विद्यार्थी मित्र पंचायत सहायक संघ का कहना हैं।

संघ द्वारा अभी हाल ही में राज्य सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए जयपुर, जालौर व अजमेर पुष्कर में नारेबाजी की ओर जनसुनवाई के दौरान अपना मांग पत्र सौंपा। गौरतलब हैं कि पिछले 15 वर्षों से रोजगार के नाम पर शोषित पीड़ित विद्यार्थी मित्र पंचायत सहायकों ने मंगलवार को भी कई जगह जिला स्तर प्रदर्शन किया। जहां उन्होंने राज्य सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की वहीं 33 जिलों से नियमितीकरण व समायोजन की मांग को लेकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम भी ज्ञापन दिए गए।

### जनसुनवाई में किया प्रदर्शन सौंपा मांगपत्र -

राजस्थान विद्यार्थी मित्र पंचायत सहायक संघ के प्रदेश संयोजक एडवोकेट रामजीत पटेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पीड़ित पंचायत सहायकों ने प्रदर्शन में भाग लिया, जहां प्रदर्शनकारी कार्यकारिणी ने कहा कि सरकारें बदलती रहीं। आश्वासन मिलते रहे और विद्यार्थी मित्र पंचायत सहायक स्थाई रोजगार की आस में दम तोड़ते गए। बात चाहे भाजपा सरकार की हो या कांग्रेस सरकार की हर सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में बढ़-चढ़कर के विद्यार्थी मित्र पंचायत सहायकों के नियमितीकरण का वादा किया ओर सत्ता में भी आई लेकिन उसके बाद इनका शोषण करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

### सरकारें बदली, तख्त ओर ताज भी बदले मगर पंचायत सहायकों की किस्मत नहीं बदली-

प्रदेश भर के 24 हजार पंचायत सहायकों का कहना हैं कि एक बार फिर राज्य में कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने से पूर्व और सत्ता में आने के बाद जोर-शोर से विद्यार्थी मित्र पंचायत सहायकों को नियमितीकरण समायोजन करने का वादा किया। इसी संदर्भ में कमेटियों का गठन किया और कमेटियों के अंदर शामिल सदस्यों ने बार-बार विद्यार्थी मित्र पंचायत सहायकों की मांगों और समस्याओं के समाधान की बात कही , यहां तक कि जोश खरोश में दीपावली से पूर्व नियमितीकरण के सपने भी दिखाए जो आजतक अधूरे पड़े हैं।

### कमेटी ओर आंकड़े के फेर में उलझाए

सरकारों द्वारा पंचायत सहायकों को नियमित करने सहित समायोजन की नियत में आज तक विद्यार्थी मित्र पंचायत सहायकों के आंकड़े इकट्ठे करने का ही खेल चल रहा है। ना समस्या का समाधान हुआ है और ना ही समय पर मानदेय वृद्धि पा रहा है। हालातों के मारे ओर आर्थिक तंगी के चलते आज अल्प मानदेय में पंचायत सहायक घुट-घुट कर मरने को मजबूर है। राजस्थान के तमाम जिलों से एक बार फिर 27 हजार पंचायत सहायकों ने सरकार को अपना वादा याद दिलाने के लिए नियमितीकरण व समायोजन की मांग को लेकर ज्ञापन व प्रदर्शन भी जारी हैं। दूसरी तरफ सत्ता पक्ष व वरिष्ठ जानकारों का कहना है कि राजस्थान की गहलोत सरकार पंचायत सहायकों को सेवा नियमों में ले रही है। अभी हाल ही में बीकानेर निदेशालय शिक्षा विभाग द्वारा 21 हजार इनके मानदेय में बढ़ोतरी का प्रस्तवा भी भेजा गया है। शीघ्र ही राज्य सरकार से हरी झंडी मिलने का इंतजार है।

**इनका कहना है -**

ग्राम पंचायत सहायकों की अभी हाल ही में माली हालत बहुत ही दयनीय है। कम मानदेय एवं आर्थिक तंगी के चलते प्रदेश भर में करीब सैकड़ों ग्राम पंचायत सहायक आत्महत्या कर चुके हैं ।और अभी भी ग्राम पंचायत सहायक नियमितीकरण एवं समायोजन की मांग को लेकर दम तोड़ता नजर आ रहा है। सरकार को जल्द ही इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए बीकानेर निदेशालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे देनी चाहिए जिससे कि ग्राम पंचायत सहायक का मासिक मानदेय ? 21 हजार तक सम्मानजनक हो जाए। अगर समय रहते हुए मांग पर राज्य सरकार ने गौर नहीं किया तो जल्द ही प्रदेश स्तर पर महा आंदोलन का आगाज किया जाएगा जिसके लिए संपूर्ण रूप से जिम्मेदार राज्य सरकार रहेगी।

*- राजस्थान ग्राम पंचायत सहायक संघ, नागौर*

# नर्सिंग ऑफिसर गरीबराम तिरदिया सम्मानित




अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** कोरोना काल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मानित किया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मूण्डवा के परिसर मे स्वतंत्रता दिवस समारोह मे मूण्डवा अस्पताल के नर्सिंग ऑफिसर गरीब राम तिरदिया को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वैश्विक महामारी के दौरान स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मियों ने अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन किया और दिन रात मेहनत कर मूण्डवावासियों को खतरनाक महामारी से बचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हर किसी ने बिना डरे वक्त छुट्टी लिए दिन रात ड्यूटी की है। ऐसे में उन्हें प्रोत्साहित करना आवश्यक है। कर्मियों को प्रोत्साहित करने से उनके कार्य करने में अभिरुचि होती है तथा उनका आत्मविश्वास बढ़ता हैं। इस दौरान तहसीलदार मनीराम खीचड़,पालिकाध्यक्ष अलका कंदोई, सीबीईओ मानाराम पचार, सीओ विजय कुमार सांखला,नायब तहसीलदार रामनारायण जांगिड, पार्षद मैना देवी, पार्षद रुकसाना, प्रधानाचार्य अनूप शेखावत, रमाकांत शर्मा लक्ष्मी नारायण मुंडेल समाजसेवी सुभाष कंदोई, राकेश चौधरी आदि कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# मकान की पट्टियां टूटी, पति-पत्नी घायल



महबूब खोखर

**कुचेरा( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचेरा में बुधवार को सुबह नीमड़ी चौराहे के पास गीवारिया बस्ती में अचानक एक मकान छत की पट्टियां टूटने से पति-पत्नी घायल हो गए। चीखने चिल्लाने पर पड़ोसी आये और मलबा हटाकर उन्हें बाहर निकाला और हॉस्पिटल ले गए जहां हॉस्पिटल में उपचार करके राजकीय जिला अस्पताल रेफर किया। घायल के रिश्तेदारों वह पड़ोसियों ने बताया कि लंबे समय से बारिश की वजह से मकान की पट्टियां टूट गई, जिससे पटिया टूटने पर कमरे में सो रहे पुनाराम पत्नी सुरजन देवी घायल हो गए गनीमत रही कि कोई अनहोनी घटना नहीं हुई दोनों पति पत्नियों के काफी गहरी चोट आई है एक का हाथ टूटा और सिर पर चोट आई है।

# देश में कोविड-19 के 9,062 नए मामले, 36 की मौत

नयी दिल्ली।

भारत में बुधवार को कोविड-19 के 9,062 नए मामले सामने आने से संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 4,42,86,256 पर पहुंच गयी, जबकि उपचाराधीन मरीजों की संख्या कम होकर 1,05,058 हो गयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 36 और मरीजों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या 5,27,134 पर पहुंच गयी है। इसमें केरल द्वारा पुनर्मिलान किए गए मौत के छह मामले भी शामिल हैं। उपचाराधीन मरीजों की संख्या संक्रमण के कुल मामलों का 0.24 प्रतिशत है। कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.57 प्रतिशत है।

आंकड़ों के अनुसार, कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या में बीते 24 घंटे में 6,194 की गिरावट दर्ज की गयी है। संक्रमण की दैनिक दर 2.49 प्रतिशत और साप्ताहिक संक्रमण दर 4.38 प्रतिशत दर्ज की गयी है। इस बीमारी से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,36,54,064 हो गयी है जबकि मृत्यु दर 1.19 प्रतिशत है। देशव्यापी कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत अभी तक 208.57 करोड़ से अधिक खुराकें दी जा चुकी है।

## शेखावत का गहलोत सरकार पर तंज

# राजस्थान में अपराधों के स्थापित हो रहे नए कीर्तिमान

नयी दिल्ली।

केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता गजेंद्र सिंह शेखावत ने बुधवार को राजस्थान में बढ़ रहे अपराधों को लेकर अशोक गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पिछले 3 साल में मॉब लिंचिंग, महिलाओं के खिलाफ दुर्व्यवहार, बच्चों के साथ अत्याचार, दलितों के खिलाफ अत्याचार, एक मजहब विशेष के लोगों पर बर्बरता, जैसे अपराधों में नए कीर्तिमान स्थापित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 15 अगस्त को जब देश स्वतंत्रता दिवस मना रहा था, उस दिन राजस्थान के अलवर जिले में मुस्लिम संप्रदाय के लोगों ने एक गांव में सब्जी बेचकर अपनी आजीविका चलाने वाले चिरंजीलाल नाम के एक युवक को पीट-पीटकर मार डाला।

# हल्ला बोल कबड्डी प्रतियोगिता में गगराना ने मारी बाजी



दिनेश कड़वासरा

## स्वतंत्रता दिवस पर गोटन में आयोजित हुई लॉयंस क्लब गोटन शताब्दी द्वारा हल्ला बोल कबड्डी प्रतियोगिता

**गोटन( नागौर डेली न्यूज ) :** स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर लायंस क्लब गोटन शताब्दी व लियो क्लब तथा जाजू ब्रदर्स के सयुंक्त तत्वावधान में गोटन के राजकीय विद्यालय खेल मैदान में हल्ला बोल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गोटन कस्बे में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हल्ला बोल कबड्डी का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की कुल 8 टीमों ने भाग लिया। इसमें वर्ग 17 से 23 आयु वर्ग में गगराना की टीम विजेता रही एव श्री वीर तेजा क्लब गोटन उपविजेता रही। वही आयु 23 से ऊपर आयु वर्ग में पुंदलू की टीम विजेता रही वही लायंस क्लब गोटन शताब्दी की टीम उपविजेता रही।लायंस क्लब के बैनर तले हुई हल्ला बोल कबड्डी प्रतियोगिता में ग्रामीणों ने बढ़चढ़कर भाग लेकर खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। लायंस क्लब गोटन शताब्दी के अध्यक्ष मुकेश सोनी ने बताया कि लायंस क्लब गोटन शताब्दी व लियो क्लब के सदस्यों व जाजू ब्रदर्स दिनेश, संजय द्वारा इस कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करके खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर प्रदान किया है। आगे भी हम इस प्रकार की प्रतियोगिता आयोजित करके प्रतिभागियों के मनोबल को बढाने का हरसंभव प्रयास करेंगे। जॉन चेयरमैन रविंद्र खोखर ने बताया कि ऐसे आयोजन समय-समय पर होने से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। सचिव रमेश प्रजापत ने बताया कि संसाधनों के अभाव में ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी आगे नही बढ़ पाते है जबकि लायंस क्लब द्वारा आयोजित प्रतियोगिता से खिलाड़ियों के चेहरों पर रौनक साफ झलक रही है। लायंस क्लब गोटन शताब्दी के लायंस प्रेम सियाक ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं में प्रतिभा की कोई नहीं है कमी है उसे सही प्लेटफार्म नही मिलता है। अब यह बीड़ा लायंस क्लब ने उठाया है कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखार करके एक अच्छा प्लेटफार्म पर लेकर जाए जिससे उस खिलाड़ी का मनोबल ओर अधिक बढ़े।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर गोटन सरपंच भंवरलाल जमेरिया, टुंकलिया सरपंच रामस्वरूप कसवा, अध्यक्ष मुकेश सोनी, प्रेम सियाक, रविंद्र खोखर, रामकिशोर कस्वा, नेमीचंद शर्मा,अजय भादू, अखिल सिरोही,मनमोहन जलवानिया, महिपाल चौधरी पुंदलू, संजीव खोखर, रमेश प्रजापत, उमाशंकर, लियो क्लब के विशाल,धर्मेंद्र सिखवाल,साहिल सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। इस खेलकूद प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में शारिरिक शिक्षक बाबूलाल डूकिया, पुखराज, शारीरिक शिक्षिका उषा चौधरी ने अपनी भूमिका निभाई।

# एसडीएम ने लंपी रोग की रोकथाम के दिये निर्देश

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** उपखंड अधिकारी लाडनूँ ने लंपी स्किन रोग की रोकथाम हेतु पंचायत समिति में बैठक का आयोजन किया। बैठक में पंचायती राज, कृषि विभाग,पशु चिकित्सा, राजस्व विभाग के ब्लॉक अधिकारीगण तथा पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी, कृषि विभाग के अधिकारी कार्मिक पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे। पशुओं की इस बीमारी से निपटने के लिए पशु चिकित्सक की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत वार ग्राम सेवक पटवारी एलएसए व कृषि विभाग के सुपरवाइजर को मिला कर 1-1 टीमों का गठन किया गया जो उस ग्राम पंचायत में रोग से प्रभावित पशुओं की निगरानी रखने ,दवाई , आइसोलेशन वार्ड तथा मृत पशुओं को जमींदोज करने की व्यवस्था करेंगे । सभी टीमों में समन्वय एवं ब्लॉक स्तर से मॉनिटरिंग हेतु एक व्हाट्सएप ग्रुप का निर्माण किया जाएगा । उपखंड अधिकारी द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लंपी स्किन रोग से ग्रसित पशुओं के उपचार हेतु पशु चिकित्सा विभाग की टीम को सहयोग करने एवं लंपी स्किन रोग से मृत पशु को तत्काल जमींदोज करने के निर्देश दिए गए ताकि संक्रमण अधिक ना फेले। विकास अधिकारी भंवरा राम कालवी को निर्देशित किया गया कि मृत पशु की व्यवस्था हेतु संसाधन उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

### मिंडासरी में रिक्त पद के चलते भवन के ताला

एक तरफ जहां क्षेत्र में लंपी स्किन डिजीज का प्रकोप चल रहा है ऐसे में सांवराद ग्राम पंचायत के गांव मिंडासरी में पशुओं की देखरेख करने वाला कोई नहीं है। सरपँच सुधीर शर्मा एंव ग्रामीणों के अनुसार यहां कार्यरत एकमात्र पशु एलएसए पद पर कार्यरत भगवान टांडी का करीब दस दिनों पूर्व तबादला हो गया मगर उनके स्थान पर फिलहाल किसी अन्य चिकित्सक या स्टाफ को पदस्थापित नहीं किया गया है। ग्रामीण अपने स्तर पर लंपी डिजीज से लड़ रहे है या उन्हें झोलाछाप चिकित्सकों पर भरोसा करना पड़ रहा है।

# पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग



महबूब खोखर

**कुचेरा( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचेरा में दलित समाज ने बुधवार शाम 5 बजे नारेबाजी करते हुए दोषी को फांसी दो के नारे लगाते कुचेरा थानाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। गौरतलब है कि जालौर में 9 वर्ष के मासूम दलित बच्चे इंद्र कुमार मेघवाल को एक निजी विद्यालय के हेडमास्टर द्वारा घड़े से पानी पीने को लेकर इतना बेहेरेहमी से पीटा की उसकी मृत्यु हो गई। ज्ञापन में बताया गया कि जालौर के सुराणा में दलित बच्चे इंद्र कुमार मेघवाल को विद्यालय के हेडमास्टर द्वारा पानी पीने को लेकर इतना बेरहमी से पीटा गया कि बच्चे की मृत्यु हो गई। इस प्रकार की संकीर्ण मानसिकता रखने वाले अध्यापक के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए उसे तत्काल दंडित किया जाना चाहिए। राजस्थान में कांग्रेस राज में दलितों पे अत्याचार बढ़ रहे है। इस दौरान मनोहरलाल माली, देवराज मेघवाल, शैतानराम मेघवाल, लक्ष्मीनारायण खोरवाल, पार्षद रामलाल, पार्षद यशवंत, सद्दाम, गजेंद्र मेघवाल, दिनेश, सुनील कताला, अनिल आदि उपस्थित रहे।

# मूण्डवा में 10 आवासीय पट्टे किए वितरित



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मूंडवा नगर पालिका द्वारा शहर के श्री सनातन धर्म वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय मूण्डवा में बुधवार को शिविर का आयोजन किया गया। श्री सनातन धर्म वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में शिविर वार्ड नंबर 5 व 6 का लगाया गया। जिसमे बुधवार को शिविर के दूसरे दिन नगर पालिका द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के तहत पट्टे वितरित किए। नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी पिंटूलाल जाट ने बताया कि शुक्रवार को शिविर के दौरान 10 आवासीय पट्टों का वितरित किया गया। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, राजस्व विभाग, जलदाय विभाग, विद्युत विभाग, नगर पालिका के कार्मिक व अन्य विभागो के कार्मिक उपस्थित रहे। बुधवार को वार्ड नंबर 5 व 6 का आयोजन रखा गया है । इस दौरान अधिशासी अधिकारी पिंटू लाल जाट, पालिका अध्यक्ष अलका कंदोई, सुभाष कंदोई, खेमाराम मुण्डेल,आत्माराम पारिक, रूपेश पाराशर,भागीरथ सेठिया, शांतिलाल, गोपाल बड़ौला, ओमप्रकाश गुरु आदि उपस्थित रहे।

## प्रशासन शहरों के संग अभियान का निरीक्षण

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** नगरपालिका अधिशासी अधिकारी का प्रभार ग्रहण करने के पश्चात तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर ने सभी कार्मिकों से उनके कार्य की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। बैठक में प्रशासन शहरों के संग अभियान के बारे में चर्चा करते हुए सभी कैंपों में जन प्रतिनिधियों और वार्ड के प्रबुद्ध व्यक्तियों को तीन दिन पहले सूचित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सफाई और बिजली की व्यवस्था में तत्काल सुधार की करने हेतु आदेशित किया गया। नगरपालिका क्षेत्र में मृत पशुओं के निस्तारण के लिए तत्काल प्रभाव से पांच सदस्यों की टीम का गठन किया गया है। साथ ही आमजन की सुविधा हेतु कार्यालय में नोटिस बोर्ड और सुझाव बॉक्स स्थापित करने के लिए आदेशित किया गया। इसके पश्चात डॉ भास्कर वार्ड नंबर 8 में आयोजित प्रशासन शहरों के संग अभियान के कैंप का निरीक्षण किया और कार्य प्रगति की जानकारी प्राप्त की।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com